# पारगमन (ट्रांज़िशन): स्कूल के लिए एक सकारात्मक शुरुआत

## परिवारों के लिए सूचना पत्र

**स्कूल शुरू करना चुनौतीपूर्ण और रोमांचक, दोनों हो सकता है। इस सूचना पत्र में यह समझाया गया है कि आपके बच्चे/आपकी बच्ची की आरंभिक बचपन (एर्ली चाइल्डहुड) सेवा उसे स्कूल मे सकारात्मक शुरुआत करने के लिए कैसे समर्थन देगी।**

आपका बच्चा/आपकी बच्ची पहले से ही कई पारगमनों से होकर गुजर चुका/चुकी है, जैसे:

- एक गतिविधि या दिनचर्या से दूसरी में संक्रमण करना
- प्लेडेट्स या अवकाशों पर जाना
- शिशु देखभाल (चाइल्डकेयर) या किंडरगार्टन जाना शुरू करना।

ये अनुभव आपको इस बात का अनुमान देते हैं कि आपका बच्चा/आपकी बच्ची नए स्थानों और चीजों के प्रति कैसी प्रतिक्रिया करता/करती है और उसे किस प्रकार के समर्थन की आवश्यकता है।

### स्कूल के लिए एक सकारात्मक शुरुआत महत्वपूर्ण क्यों है?

स्कूल के लिए एक सकारात्मक शुरुआत आपके बच्चे/आपकी बच्ची को इन बातों में सहायता देती है:

- शिक्षण और कल्याण के बेहतर परिणाम प्राप्त करना
- उनके सीखने और विकास में व्यवधान होने से बचाव करना
- सुरक्षित, आत्मविश्वासी और संलग्न महसूस करना।

### अपने बच्चे/अपनी बच्ची का स्कूल में नामांकन कराना

अधिकांश स्कूल बच्चों द्वारा स्कूल शुरू करने के वर्ष से पिछले वर्ष की मई से भर्तियाँ आरंभ करते हैं। भर्ती करने से आपको स्कूल को जानने और स्कूल में पारगमन के लिए गतिविधियों में भाग लेने के और भी अधिक अवसर मिलते हैं। जब ये गतिविधियाँ वर्ष के अंत से काफी पहले शुरू की जाती हैं और स्कूल के पहले कुछ दिनों के बाद तक जारी रखी जाती हैं, तो बच्चों का पारगमन बेहतर होता है।

### स्कूल में पारगमन के लिए कार्यक्रम और गतिविधियाँ

स्कूल में पारगमन के लिए गतिविधियों से आपको और आपके बच्चे/आपकी बच्ची को इन बातों में सहायता मिलती है:

- स्कूल कैसा होगा, इसके बारे में समझना
- अन्य बच्चों और परिवारों के साथ दोस्ती करना।

### पारगमन शिक्षण और विकास वक्तव्य क्या है?

आपके बच्चे/आपकी बच्ची के आरंभिक बचपन शिक्षक/शिक्षिका एक पारगमन शिक्षण और विकास वक्तव्य बनाएँगे (जिसे पारगमन वक्तव्य के रूप में जाना जाता है)। पारगमन वक्तव्य से आपके बच्चे/आपकी बच्ची के प्रेप शिक्षक/शिक्षिका को आपके बच्चे/आपकी बच्ची को जानने तथा उसके सीखने की योजना बनाने में सहायता मिलती है। पारगमन विवरण में शामिल होगा:

- आपके बच्चे/आपकी बच्ची का नाम, जन्म तिथि और फोटो
- आपका नाम और संपर्क विवरण
- आरंभिक बचपन सेवा और अन्य आरंभिक बचपन व्यावसायिकों के नाम व संपर्क विवरण, जो आपके बच्चे/आपकी बच्ची को समर्थन दे रहे हैं
- आपके बच्चे/आपकी बच्ची की रुचियाँ, कुशलताएँ और क्षमताएँ
- आपके बच्चे/आपकी बच्ची के लिए सबसे अच्छी शिक्षण कार्यनीतियाँ।

यदि आपका बच्चा/आपकी बच्ची Outside School Hours Care (OSHC) में जाता/जाती है, तो पारगमन वक्तव्य को OSHC सेवा के साथ भी साझा किया जाएगा।

आपको अपने बच्चे/अपनी बच्ची के पूरे किए गए पारगमन वक्तव्य की एक प्रति दी जाएगी। इससे आपको अपने बच्चे/अपनी बच्ची के सीखने के बारे में समझने, इसे समर्थन देने और इसके बारे में चर्चा करने में सहायता मिल सकती है।

आपके बच्चे/आपकी बच्ची का पारगमन वक्तव्य इन बातों में सहायता करता है:

- उसके हितों की योजना बनाने में
- आरंभिक बचपन सेवा से स्कूल में सहज पारगमन के लिए आपके बच्चे/आपकी बच्ची को समर्थन देने में।

सामान्य रूप से पारगमन वक्तव्य टर्म 4 में लिखे जाते है। किंतु यदि आपके बच्चे/आपकी बच्ची को कोई विकलांगता या विकासात्मक देरी है, तो पारगमन वक्तव्य जून या जुलाई में पहले भी लिखा जा सकता है। इससे आपको और स्कूल को आपके बच्चे/आपकी बच्ची की

आवश्यकताओं के लिए किसी भी अतिरिक्त समर्थन की योजना शुरू करने में सहायता मिलती है।

पारगमन वक्तव्य में आपके द्वारा भरे जाने के लिए एक अनुभाग है: आप अपने बच्चे/अपनी बच्ची के बारे में बहुत कुछ जानते/जानती हैं, इसलिए आपके विचार मूल्यवान है। इससे स्कूल को आपके और आपके बच्चे/आपकी बच्ची के लिए सकारात्मक शुरुआत करने की योजना बनाने में सहायता मिलेगी।

इसमें आपके या आरंभिक बचपन के शिक्षक/शिक्षिका जैसे किसी वयस्क की सहायता के साथ आपके बच्चे/आपकी बच्ची द्वारा भरे जाने के लिए एक अनुभाग भी है। इसमें ये शामिल हो सकता है:

- चित्र
- आपका बच्चा/आपकी बच्ची स्कूल में किस बात के बारे में उत्सुक है
- स्कूल शुरू करने के बारे में वे क्या सोचते हैं।

## जानकारी कैसे साझा की जाती है

पारगमन वक्तव्यों को Insight Assessment Platform का उपयोग करके ऑनलाइन साझा और संग्रहीत किया जाता है। Insight Assessment Platform पर जानकारी को ऑस्ट्रेलिया के अंदर सुरक्षित रूप से संग्रहीत करके रखा जाता है।

विक्टोरिया सरकार के सभी स्कूल (और कुछ कैथोलिक और स्वतंत्र स्कूल) प्रत्येक बच्चे के शिक्षण और विकास को रिकॉर्ड करने के लिए Insight Assessment Platform का उपयोग करते हैं। यदि आपके बच्चे/आपकी बच्ची का स्कूल Insight Assessment Platform का उपयोग नहीं करता है, तो उन्हें पारगमन विवरण की एक कागजी या इलेक्ट्रॉनिक प्रति उपलब्ध कराई जाएगी।

कभी-कभी शिक्षा और प्रशिक्षण विभाग (Department of Education and Training) बाहरी सेवा प्रदाताओं का उपयोग करता है। विभाग के लिए काम करने वाले सेवा प्रदाताओं को डेटा सुरक्षा उपायों का उपयोग करना चाहिए। Insight Assessment Platform विभाग की **सूचना गोपनीयता नीति (Information Privacy Policy)**www.education.vic.gov.au/Pages/privacypolicy का अनुपालन करता है।

निगरानी और अनुसंधान के प्रयोजनों के लिए विभाग पारगमन वक्तव्यों में से जानकारी का उपयोग कर सकता है। यह जानकारी संख्याओं और रेखांकनों में प्रस्तुत की जाएगी और बच्चों के नाम प्रदर्शित **नहीं** होंगे।

Insight Assessment Platform के बारे में और अधिक जानकारी के लिए विभाग से psts@edumail.vic.gov.au पर संपर्क करें।

कभी-कभी विक्टोरिया के शिक्षण और देखभाल व्यावसायिकों को बच्चे/बच्ची के कल्याण या सुरक्षा के संरक्षण के लिए जानकारी साझा करने की आवश्यकता होती है। आपकी आरंभिक बचपन की शिक्षा सेवा आपके बच्चे/आपकी बच्ची और परिवार के बारे में जानकारी को आवश्यकतानुसार साझा कर सकती है, ताकि वह अपने देखभाल के कर्तव्य, भेदभाव विरोध, व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा तथा बच्चे के कल्याण और सुरक्षा के दायित्वों के अपने कर्तव्य को पूरा कर सके। और अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट https://www.vic.gov.au/information-sharing-schemes-and-the-maram-framework पर जाएँ।

## और अधिक जानकारी

कृपया वेबसाइट www.education.vic.gov.au/transitiontoschool पर जाएँ।

यह पत्रक वेबसाइट www.education.vic.gov.au/transitiontoschool पर कई भाषाओं में उपलब्ध है।